C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 5:22 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 7:05 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 169 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. शुक्रवार, 27 दिसंबर 2024



सिकंदर का टीजर स्थगित, पूर्व पीएम... पेज-3 पर

## जश्न को हो गई एडवांस बुकिंग

*नैनीताल माल रोड समेत नगर की सभी प्रमुख बाजारों में पर्यटकों की वजह से खूब रौनक देखने को मिल रही हैं। पर्यटन कारोबारियों के मुताबिक पर्यटकों की जनवरी प्रथम सप्ताह तक बड़ी संख्या में आमद जारी रहेगी। थर्टी फर्स्ट व नव वर्ष के लिए करीब 50 प्रतिशत से अधिक बुकिंग एडवांस में हो चुकी है।* ......थर्टी फर्स्ट व न्यू ईयर के जश्न.... पेज 2 पर



## भाजपा ने पंचायत चुनावों को प्रत्याशियों के नामों को दिया अंतिम रूप

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

भाजपा प्रदेश चुनाव समिति ने नगर पालिका और नगर पंचायत चुनावों के प्रत्याशियों के नामों को अंतिम रूप दे दिया है। वहीं, निगम महापौर पद के प्रत्याशियों के नामों को केंद्रीय नेतृत्व की सहमति के लिए भेजा गया है।

पार्टी मुख्यालय में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक की जानकारी देते हुए भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट ने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। इसके अलावा, पार्टी के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत



कुमार गौतम, सह प्रभारी रेखा वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए बैठक में पूर्व मुख्यमंत्रियों डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, त्रिवेंद्र सिंह रावत, विजय बहुगुणा, और तीरथ सिंह रावत ने भी भाग लिया। इसके साथ ही, गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, नैनीताल सांसद अजय भट्ट, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, और प्रदेश महामंत्री संगठनअजेय कुमार समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने नामों पर चर्चा की बैठक में प्रदेश के सभी नगर निगमों के महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष, और नगर पंचायत अध्यक्ष पद के संभावित प्रत्याशियों के नामों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

सर्वसम्मति से पालिका और नगर पंचायत के प्रत्याशियों के नाम तय किए गए।निगम महापौर के पदों के लिए तैयार किए गए पैनल को केंद्रीय नेतृत्व को स्वीकृति के लिए भेजा गया है।

## News कॉर्नर

### दिनेशपुर में युवती को पंखे के कुंडे में लटका देख परिजनों के होश उड़े

रुद्रपुर। थाना दिनेशपुर के ग्राम धर्मानगर में एक युवती को घर में पंखे के कुंडे में लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच परिजनों से आवश्यक जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा। पुलिस के मुताबिक ग्राम धर्मानगर निवासी मनिन्दर व्यापारी मजदूरी कर परिवार का वालन पोषण करता है। उसकी पांच पुत्रियां व एक पुत्र है। बीती रात उसका परिवार खाना खाकर कमरों में सोने चला गया था। उसकी 19 वर्षीय पुत्री भी कमरे में चली गई। करीब साढ़े ग्यारह बजे माता किसी काम के लिए पुत्री के कमरे में गई तो पुत्री को फांसी पर लटका देख उसने शोर मचाया।परिजनों के साथ ही आस पड़ोस के लोग भी आ पहुंचे। जानकारी मिलने पर पुलिस कर्मी भी आ गई। मिंती को आनन फानन में फांसी से उतार कर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मृतका के मोबाईल की कॉल जांच कर रही है। ताकि मौत के कारणों का पता लगाया जा सके। उधर परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

कल राजघाट के पास होगा अंतिम संस्कार

## मोदी ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की

नई दिल्ली
एजेंसी

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का 92 साल की उम्र में दिल्ली एम्स में निधन हो गया। उन्हें उम्र संबंधी दिक्कतों की वजह से गुरुवार रात 8:06 बजे एम्स में भर्ती कराया गया था। रात 9:51 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मनमोहन सिंह प्रखर अर्थशास्त्री थे। 1991 में देश में शुरू किए गए आर्थिक उदारीकरण के वे शिल्पकार रहे। 2004 से 2014 तक वे प्रधानमंत्री रहे। उनके निधन से देशभर में शोक की लहर है।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, यह देश और कांग्रेस के लिए बहुत दुखद दिन है। वह इस देश के प्रशासकों में से एक थे। जहां तक कांग्रेस का सवाल है, हमने अपने महान नेताओं में से एक को खो दिया। 10 साल तक प्रधानमंत्री और 5 साल तक वित्त मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने सुशासन का प्रदर्शन किया। यह देश के लिए बहुत बड़ी क्षति है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मनमोहन सिंह की बेटी आज



देर रात तक भारत पहुंच सकती हैं। पूर्व पीएम का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शनों के लिए कांग्रेस मुख्यालय में रखा जाएगा। आम लोग पूर्व पीएम के अंतिम दर्शन शनिवार सुबह 8 बजे से लेकर 10 बजे तक कर सकेंगे। कांग्रेस मुख्यालय से ही मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी इस दौरान पूर्व पीएम के आवास पर मौजूद रहे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देने उनके आवास पहुंचे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा, अभी कार्यक्रम तय नहीं है। उनकी एक बेटी हैं जो बाहर से आ रही हैं वे दोपहर या शाम तक आएंगी। उसके बाद ही सब तय होगा। हो सकता है कि अंतिम संस्कार कल हों। शायद 9-10 बजे के बाद आम जनता को दर्शन की इजाजत मिलेगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, यह देश और कांग्रेस के लिए बहुत दुखद दिन है।

## राष्ट्रीय खेलों के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से स्पोर्ट्स स्टेडियम से प्रचार रथ रवाना

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

राष्ट्रीय खेलों के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रूद्रपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम से प्रचार रथ रवाना किया गया।

38वें राष्ट्रीय खेलों की जनता व खिलाड़ियों में ऊर्जा और उमंग भरने के लिए प्रचार रथ को प्रांतीय अध्यक्ष ताइक्कांडो एसोसिएशन शेखर चंद्र त्रिपाठी, हैंडबॉल जीवन राय, जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत ने झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि यह राज्य के लिए सौभाग्य की बात है कि 38वे खेल की मेजबानी राज्य को मिली है। हम सबका प्रयास रहेगा कि राष्ट्रीय खेल को भव्य और बेहतर तरीके से आयोजित कर मिसाल पेश करेंगे।जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि जनपद में तीन प्रचार रथ घूमकर आम जन को यात्रा के जोड़कर जागरूक करेंगे। जनपद में एक प्रचार रथ स्टेडियम से प्रारम्भ होकर रूद्रपुर, गदरपुर, किच्छा तहसील क्षेत्र में, दूसरा प्रचार रथ काशीपुर,जसपुर,बाजपुर क्षेत्र तथा तीसरा रथ सितारगंज, नानकमत्ता व खटीमा क्षेत्र में घूमकर जागरूक करेगा । इस अवसर पर खिलाड़ी व खेल प्रेमी मौजूद रहे।



## कार व पिकअप की भिड़ंत घायलों को एसटीएच पहुंचाया

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

सड़क दुर्घटना लगातार बढ़ रही है। शुक्रवार की प्रात: रामपुर रोड एस मोड के पास-सुबह करीब 8:00 बजे एक कार और पिकअप की आमने-सामने टक्कर हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार रुद्रपुर से हल्द्वानी की ओर आ रही थी। तब की पिकअप रुद्रपुर की ओर जा रही थी स्थानीय लोगों ने बताया कि कार में दो लोग सवार थे, जिनको सुरक्षित निकाल लिया गया है। मामले की सूचना पुलिस को दी।

जानकारी के अनुसार हादसा इतना जबरदस्त था कि दोनों गाड़ियों में आग लग गई और आमने-सामने



का ट्रैफिक पूरी तरीके से अवरुद्ध हो गया है। घटना की सूचना पुलिस को देने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग को बुझाने में जुटी हुई है। घायल यात्रियों को सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि पिकअप के ड्राइवर के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली हैं।

## मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस से धक्कामुक्की, गाड़ी पर पथराव

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में मारपीट की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस से धक्का मुक्की करने का मामला प्रकाश में आया। पुलिस डायर 112 की सूचना पर मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने धक्का मुक्की करने वाले बाप बेटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर हिरासत में लिया है। पुलिस के वाहन पर पथराव करने का भी आरोप है। पुलिस के मुताबिक बुधवार की रात हेड कांस्टेबल अजय शाही, संजय कुमार डायल 112 ड्यूटी पर नियुक्त था। रात को डायल 112 पर कॉलर ने सूचना दी कि उनके घर पर कुछ लोग मारपीट करने आये है। उक्त सूचना पर दोनों पुलिस कर्मी बाईक से शिवनगर ,पीलीकोठी के पास , घटनास्थल पर



पहुंचे तो कॉलर मौजूद मिला। सूचना देने वाले ने गली में अपने घर के पास ही खडे तीन व्यक्तियो की यही लोग मारपीट करने आये है। पुलिस ने उक्त तीनों से नाम पता पूछा तो एक व्यक्ति ने अपना नाम छत्रपाल पुत्र दोधीराम निवासी .ग्राम शईदाबाद थाना कैमरी जिला रामपुर यूपी हाल शिवनगर पीलीकोठी के पास ट्रांजिट कैंप, दुसरे ने अपना नाम अजय पुत्र छत्रपाल तथा तीसरे ने विजय पुत्र छत्रपाल बताया। पुलिस के मुताबिक घटना के सम्बन्ध में पूछताछ की तो तीनो पुलिस कर्मीयो के साथ गाली गलौच करते हुए धमकी मुक्की करने लगे। पुलिस ने समझाया तो उक्त व्यक्तियो को

### कार्रवाई

- बाप बेटों पर मुकदमा, बेटी भी नामजद, जेल भेजा

समझाया तो धमकी देते हुए कहा हिम्मत कैसे हुई हम लोगो से पूछताछ की। थाने चल कर वहां घटना बताने को कहा तो हाथापाई कर सरकारी कार्य में बाधा डालने लगे।

बाद में थाने से और पुलिस बुलाई गई। मौके पर प्रभारी निरीक्षक मोहन चंद पांडे, एसआई विकास रावत मय पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। वह लोग पुलिस कर्मीयो के साथ धक्का मुक्की कर रहे थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तीनों को हिरासत में ले कर थाने ले जाया गया। तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

# थर्टी फर्स्ट व न्यू ईयर के जश्न को नैनीताल खचाखच

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नैनीताल में भले ही क्रिसमस पर्व खत्म हो गया है लेकिन पर्यटकों की संख्या में कोई कमी नहीं आयी है,देश के विभिन्न शहरों से पर्यटक अब थर्टी फर्स्ट व न्यू ईयर का जश्न मनाने के लिए पहुंचना भी शुरु हो गए हैं। दूसरी ओर इन दिनों जहां एक ओर पर्यटकों की वजह से नगर में खूब रौनक देखने को मिल रही है वहीं दूसरी ओर पर्यटक वाहनों परेशानी का सबब बने हुए हैं। बढ़ती वाहनों की संख्या की वजह से नगर में सुबह से लेकर शाम तक माल रोड समेत अधिकांश मोटर मार्गो में वाहनों को रैंग-रैंग कर चलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

बता दें कि क्रिसमस पर्व से दो दिन पहले से ही पर्यटकों की आमद बढ़ना शुरु हो गयी थी जो गुरुवार को भी यथावत रही। पर्यटकों की बढ़ती संख्या से पर्यटन कारोबारी बेहद खुश हैं। बाजारों में खासी भीड़ नजर आ रही है। माल रोड समेत नगर की सभी प्रमुख बाजारों में पर्यटकों की वजह से खूब रौनक देखने को मिल रही है। गुरुवार को भी नैनीताल पहुंचे पर्यटकों ने जहां एक ओर नैनी झील में नौका विहार किया वहीं दूसरी ओर उन्होंने स्नोव्यू, केव गार्डन,हिमालय दर्शन व वाटरफाल समेत अन्य दर्शनीय स्थलों के दीदार किए। पर्यटन कारोबारियों के मुताबिक पर्यटकों की जनवरी प्रथम सप्ताह तक बड़ी संख्या में आमद जारी रहेगी। थर्टी फर्स्ट व नव वर्ष के लिए करीब 50 प्रतिशत से अधिक बुकिंग एडवांस में हो चुकी है।

नगर में जाम से निपटने के लिए पुलिस व जिला प्रशासन वर्षभर बैठकें आयोजित करता जरुर है लेकिन ठीक समय पर उसे कामयाबी नहीं मिलती है। बात दूर की नहीं है क्रिसमस पर्व तथा उसके दूसरे दिन नगर की माल रोड समेत मुख्य मार्गो में जाम लगने से खुद वाहन चालकों के साथ ही जनता को परेशानी हुई,ऐसा यहां एक बार नहीं हर बार होत है कुछ दिन के बाद थर्टी फर्स्ट उसके बाद न्यू ईयर आएगा फिर इससे भी भयावह स्थिति होगी इस बात से बिल्कुल भी इनकार नहीं किया जा सकता। प्रशासन व पुलिस को चाहिए कि वह जाम से निपटने के लिए ठोस नीति बनाए जिससे उसे भी राहत मिले और जनता को भी।

## NEWS / फटाफट

### उत्तराखंड की टीम तमिलनाडु के लिए रवाना हुई

**नैनीताल।** कुमाऊं मंडल के रुद्रपुर बस स्टैंड से गुरुवार की सुबह 11 बजे द मिनी गोल्फ एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वावधान में उत्तराखंड की सब जूनियर/जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग की टीम राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु सेलम (तमिलनाडु) के लिए रवाना हुई। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष डी.के.शर्मा (सीनियर एडवोकेट हाई कोर्ट नैनीताल) तथा संघ के सचिव डॉ. राहुल चंद्र (होली चाइल्ड स्कूल के डायरेक्टर), विकास बत्रा (आर्यन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर), मोहित राय (भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर), भरत गोयल रेनबो स्कूल के डायरेक्टर संजय कुमार तथा कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के क्रीड़ा धिकारी डॉ. नागेन्द्र प्रसाद शर्मा समेत अन्य खेल प्रेमियों ने टीम को जीत की शुभकामनाएं देकर रवाना किया। बता दें कि टीम में 14 बालक एवं 6 बालिकाओं सहित रमेश चंद्र लोहानी,सुधाकर सिंह तथा जया पाण्डेय टीम मैनेजर तथा टीम कोच के रूप में रुद्रपुर से सेलम (तमिलनाडु) को रवाना हुए।

### मजदूर की मौत, शव पोस्टमार्टम को भेजा

**नैनीताल।** शहर की ठंडी सडक़ के मंदिर में काम कर रहे मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक गुरुवार की शाम को ठंडी सडक़ में झारखंड निवासी जहूर मिया (37) गोल्ज्यू मंदिर में अपने साथी के साथ काम कर रहा था। इस दौरान उसकी तबियत बिगड़ी और वह जमीन में लेट गया। उसके साथी ने अन्य लोगों को सूचित किया तो लोग उसको लेकर राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल आ गए जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के आकस्मिक चिकित्सक डॉ. सुधांशु सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टिया मामला हृदयघात का लग रहा है। मौत के स्पष्ट कारणों का पता पीएम रिपोर्ट आने के बाद चलेगा, वहीं कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार मलिक ने बताया कि शव को मोर्चरी में रख मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### मारपीट के दौरान घायल युवक ने तहरीर दी

**नैनीताल ।** शहर में बीते शनिवार को मल्लीताल क्षेत्र में मारपीट के दौरान घायल युवक के पिता ने कोतवाली में तहरीर दी है। उन्होंने युवक के साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल निवासी संजय साह ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि उनका बेटा प्रतीक शनिवार को बाइक से मल्लीताल से तल्लीताल जा रहा था। मल्लीताल स्टेट बैंक से आगे कुछ लोग सडक़ पर खडे थे। इस दौरान उसने हॉर्न बजाया तो वह गाली गलौच करने के साथ मारपीट करने लगे जिसमें उनका बेटा बुरी तरह घायल हो गया। बीडी पांडे जिला अस्पताल में उसके आंख के नीचे की हड्डी टूटने की बात डाक्टरों ने कही और उसको हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। उन्होंने मारपीट करने वाले युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार मलिक ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

### बाइक रेंटल एसोसिएशन ने पांच जैमर सप्रेम भेंट किए



**नैनीताल।** बाइक रेंटल एसोसिएशन की ओर से नैनीताल में कोतवाली के लिए कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक उमेश मलिक को पांच जैमर सप्रेम भेंट किए गए ताकि आने वाले थर्टी फर्स्ट व नूतन वर्ष 2025 के सीजन में पुलिस प्रशासन को ट्रैफिक व्यवस्था सदृढ़ करने में कुछ मदद मिल सके। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिरोही, उपाध्यक्ष तारीख खान तथा महासचिव नितिन जाटव जबकि कोषाध्यक्ष ललित मोहन समेत नितिन कुमार यावर, पीयूष, कमल, महेंद्र खाती, सुशील कुमार एवं अन्य यूनियन के सदस्य शामिल रहे। अध्यक्ष संजय सिरोही द्वारा बताया कि भविष्य में जनसेवा में एसोसिएशन हर संभव सहयोग करेगा।

# एक और नशे के सौदागर को पड़कर उसे न्यायालय में पेश किया

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

नशे का कारोबार दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है हालांकि पुलिस आए दिन चरस, स्मैक, इंजेक्शन, तस्करों को पड़कर जेल भेज रही है लेकिन इसके बावजूद नशे के सौदागर नशा बेचने से बाज नहीं आ रहे हैं पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक और नशे के सौदागर को पड़कर उसे न्यायालय में पेश किया है।

पड़ाव चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह राणा अपने दलबल के साथ गुरुवार की शाम कुल्ह्याल पूरा चौराहे पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे तभी एक मुखबिर ने आकर पुलिस को सूचना की कुछ लोग संगम बैंकट हॉल के पीछे पड़े खाली प्लॉट में जुआ व नशा कर रहे हैं सूचना पाकर देवेंद्र राणा अपने दलबल के साथ खाली प्लॉट के पास पहुंचे तो पुलिस को देखकर कुछ लोग भागने लगे हैं भागते हुए एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ लिया जिसके कंधे पर पिट्ठू बैठा था पुलिस ने उसे बैक खोलने के लिए कहा तो उसने कहा कि बैग में कपड़े हैं लेकिन पुलिस ने जब बैग खोला तो उसमें चरस बरामद हुई।

पकड़ी गई चरण को पुलिस ने जब तोला तो उसका वजन 513 ग्राम निकला पूछताछ में पकड़े गए चरस के सौदागर ने अपना नाम श्याम सिंह बोरा पुत्र पवन सिंह बोरा निवासी ग्राम खरई पोस्ट भीगरोड़ा थाना पार्टी जिला चंपावत बताया उसने बताया कि वह आसपास के गांव से चरस एकत्र कर ट्रांसपोर्ट नगर मैं जाकर मजदूरों को महंगे दामों पर बेचता है। जिससे उसके घर का खर्च चलता है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर उसे न्यायालय में पेश किया है।

# कांग्रेस पार्टी के भीतर चुनाव को लेकर टिकटों को हलचल तेज

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड के निकाय चुनावों में कांग्रेस के भीतर टिकटों को लेकर हलचल तेज हो गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, अधिकांश सीटों पर मेयर समेत नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्षों के नाम लगभग तय हो चुके हैं।

कांग्रेस अपनी प्रत्याशियों की पहली सूची शुक्रवार शाम तक जारी कर सकती है। हर जिले में नगर निकाय प्रत्याशियों के चयन के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए थे, जिनमें से अधिकांश ने अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंप दी है, हालांकि देहरादून, हरिद्वार और चंपावत को छोड़कर सभी जिलों के प्रभारियों ने अपनी रिपोर्ट भेजी है। हल्द्वानी के मेयर पद पर कांग्रेस से किसी जाने-पहचाने चेहरे के उभरने की संभावना है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, इस पद के लिए एक ऐसा नाम सामने आ सकता है, जिसे स्थानीय जनता अच्छी तरह जानती है। आज इस नाम की घोषणा होने की संभावना है। इस बार हल्द्वानी नगर निगम का चुनाव काफी रोमांचक होने वाला है, क्योंकि कांग्रेस और भाजपा दोनों के प्रत्याशियों की घोषणा आज ही की जा सकती है। अब यह देखना होगा कि आगामी चुनावों में कौन सा राजनीतिक दल हल्द्वानी नगर निगम का अध्यक्ष पद हासिल करता है



## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# बंगाल के 72 वर्षीय पर्यटक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

पर्यटक नगरी नैनीताल में घूमने के लिए बंगाल से नैनीताल पहुंचे 72 वर्षीय बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

जिला चिकित्सालय बीडी पांडे अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण में मौत की पुष्टि के बाद बुजुर्ग के शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। मृतक के स्वजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। जानकारी के मुताबिक हावड़ा पश्चिमी बंगाल निवासी 72 वर्षीय तपन डे घूमने के लिए नैनीताल आए हुए थे। इधर वह तल्लीताल स्थित हिल व्यू होटल में ठहरे हुए थे। गुरुवार को उनके साथ ग्ररुप में आए अन्य साथी नैनीताल दर्शन के लिए निकल गए। मगर तबीयत खराब होने की बात कह कर तपन कमरे में ही ठहर गए। साथियों के होटल से निकल जाने के कुछ देर बाद तपन की अचानक तबियत बिगड़ने लगी। होटल कर्मियों ने कमरे पर जाकर देखा तो वह बिस्तर पर बेसुध पड़े हुए मिले। जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल बीडी पांडे लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

प्रभारी पीएमएस डॉ द्रौपदी गर्ब्याल ने बताया कि घटना की सूचना पुलिस को देकर शव मोर्चरी में रखवा दिया गया है। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि मृतक के स्वजनों को सूचित कर दिया गया है। जिनके आने के बाद पंचनामे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मौत के स्पष्ट कारणों का पता नहीं लग पाया है। पोस्टमार्टम के बाद ही कारण स्पष्ट हो सकेगा

# मल्लीताल गुरुद्वारे में वीर सहिबजादों का भावपूर्ण स्मरण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



भारतीय जनता पार्टी मंडल नैनीताल द्वारा गुरुवार को मल्लीताल स्थित गुरुद्वारे में वीर सहिबजादों का भावपूर्ण स्मरण किया।

बता दें वीर बाल दिवस पर बाबा जोरावर सिंह तथा बाबा फ तेह सिंह को भावभीनी श्रृदांजलि अर्पित की गयी, उनके बलिदान के बारे में भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री विमला अधिकारी ने कहा गुरु गोविंद सिंह के छोटे बच्चों ने अपने आस्था व धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये । मंडल के कोषाध्यक्ष खजान सिंह डंगवाल ने बताया कि मोदी सरकार द्वारा गुरु गोविंद सिंह जी के वीर सहिबजादों की कहानी साल 2022 में भारत सरकार ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की थी इसी के तहत यह कार्यक्रम मनाया जा रहा है। गुरुद्वारा के महासचिव नानू भाई ने गुरु गोविंद सिंह के परिवार के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर सैनिक स्कूल के दो बच्चों को सम्मानित भी किया गया जिनमें शिवम कुमार तथा आयुष राज शामिल थे जो आल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन नेशनल अंडर- 17 में उत्तराखंड प्रदेश का नेतृत्व किया था। कार्यक्रम में पूर्व दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा, मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट,महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष कविता गंगोला समेत कलावती असवाल, तुलसी डालाकोटी, मोहित आर्य, लाल सिंह बिष्ट, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, आशीष बजाज, संतोष कुमार, नवीन जोशी, बच्ची लाल, मनोज कुमार, आशु उपाध्याय, सागर आर्य, अतुल कुमार, उमेश उपाध्याय, पूरन सिंह बिष्ट, शैलेंद्र बर्गली, हिमांशु उपाध्याय, शैलेंद्र बिष्ट तथा गोविंद आदि उपस्थित थे।

# अभिमत

## इरादे नेक नहीं

***जैश-ए-मोहम्मद आतंकी गुट का मुखिया पाकिस्तान में है और भारत में समुदाय विशेष के लोगों की मदद से साजिश रचकर आतंकी घटनाएं करा रहा है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जैश-ए-मोहम्मद की साजिश नाकाम करने के लिए आठ राज्यों में डेढ़ दर्जन से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की। एनआईए को संदिग्ध दस्तावेज मिले हैं। झांसी में एक मुफ्ती के घर पर छापे के दौरान लोगों से जांच टीम की झड़प हो गई। सवाल यह है कि मुफ्ती अगर सही है तो छापा पड़ने पर विरोध क्यों किया गया?***

विश्व के अधिकतर देश आतंकवाद का सामना कर रहे हैं। आतंकवादी अलग-अलग नाम के गिरोह से सक्रिय हैं। खूनखराबा और निर्दोष लोगों की जान लेना आतंकवादियों का मंसूबा है। आतंकवाद पर नियंत्रण नहीं होने का मुख्य कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सभी देशों की सरकारों द्वारा संगठित होकर आतंकवाद को खत्म करने की कार्रवाई पर अमल नहीं करना है। भारत में पिछले पांच दशक से आतंकवाद की घटनाएं हो रही हैं, इसके लिए मुख्य रूप से पाकिस्तान जिम्मेदार है। आतंकवादी विमान का अपहरण करके कंधार ले गये थे। भारत सरकार ने जेल में बंद आतंकियों के सरगनाओं को रिहा किया तो विमान को मुक्त किया गया। रिहा किये गये आतंकी पाकिस्तान में हैं और भारत में खूनखराबा करा रहे हैं। कश्मीर के पुलवामा में सेना के काफिले पर हमला करके दर्जनों जवानों को मारने और मुंबई में आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार आतंकी गुट के सरगना पाकिस्तान में खुलेआम घूम रहे हैं और समय-समय पर धमकियां देते रहते हैं। आतंकी गुट पर प्रतिबंध लगाया जाता है तो नया नाम रख लेते हैं। जैश-ए-मोहम्मद आतंकी गुट का मुखिया पाकिस्तान में है और भारत में समुदाय विशेष के लोगों की मदद से साजिश रचकर आतंकी घटनाएं करा रहा है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जैश-ए-मोहम्मद की साजिश नाकाम करने के लिए आठ राज्यों में डेढ़ दर्जन से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की। एनआईए को संदिग्ध दस्तावेज मिले हैं। झांसी में एक मुफ्ती के घर पर छापे के दौरान लोगों से जांच टीम की झड़प हो गई। सवाल यह है कि मुफ्ती अगर सही है तो छापा पड़ने पर विरोध क्यों किया गया? वर्ष 2014 में भाजपा के केन्द्र में सत्तारूढ़ होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कानून व्यवस्था को प्राथमिकता दी है। आतंकवाद पर काफी हद तक नियंत्रण किया गया है। साम्प्रदायिक हिंसा की छिटपुट घटनाएं हुई हैं। पिछले कुछ महीनों में देश की प्रमुख हस्तियों को धमकी मिली हैं। धमकी देने वालों के तार आतंकी गुटों से जुड़े होने की आशंका है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी को खुफिया जानकारी मिली, तो उसने छापेमारी की है। उत्तर प्रदेश के कुछ शहरों में दंगे हुए हैं। दंगाइयों द्वारा की गई फायरिंग में पाकिस्तान के कारतूतों का इस्तेमाल हुआ है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था होने के कारण सीमा पार से आतंकवादी घुसपैठ नहीं कर पा रहे हैं। पाकिस्तान में पल रहे आतंकवादी अब भारत के समुदाय विशेष के लोगों को दंगा करने के लिए इस्तेमाल करना चाहते हैं। खुफिया तंत्र को यह जानकारी मिली है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी के छापों से आतंकवादी घटना को अंजाम नहीं दे सकेंगे।

# नियमितीकरण को 174वें दिन भी आंदोलन जारी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण कट ऑफ डेट 2024 नियमावली शीघ्र जारी करने को लेकर किया जा रहा राज्य में अनूठा पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधरोपण आंदोलन गुरुवार को 174वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुररानी के नेतृत्व में पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों ने पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया। गुररानी ने कहा कि शुक्रवार (आज) को 3 जुलाई से चले आ रहे अनूठे पौधारोपण आंदोलन को 175 दिन पूरे होंगे। कहा कि अब तक निगम कर्मचारियों ने 33000 विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया है जो एक रिकॉर्ड है। शुक्रवार (आज) के पौधारोपण कार्यक्रम में कुमाऊं मंडल विकास निगम व गढ़वाल मंडल विकास निगम की इकाइयों के परिसर में प्रति इकाई पांच पौधों का रोपण होगा वही कुमाऊँ मंडल विकास निगम पिथौरागढ़ के कर्मचारी 175 पौधों का रोपण विभिन्न क्षेत्रों में करेंगे। समूचे कुमाऊं व गढ़वाल मंडल की इकाईयों में कुल 2000 पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है साथ ही मुख्यमंत्री को विभिन्न माध्यमों से ज्ञापन प्रेषित करेंगे, इसके लिए महासंघ द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

कहा कि कुमाऊं मंडल में महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला समेत वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश कपकोटी, उपाध्यक्ष गौतम कुमार तथा पीतांबर दुमका, जिला ध्यक्ष महेश कुमार दास, कैलाश आर्य, हरीश पुनेठा, त्रिभुवन पुनेठा, महिमन कफ लियाए को जिम्मेदारी सौंप गई है वहीं गढ़वाल मंडल में महासंघ के महामंत्री विजय पुरोहित, संरक्षक सुरेश पवार तथा कार्यकारी अध्यक्ष जोगिंदर लाल, संजय भट्ट वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनिल जोशियाल, बृजमोहन कोठियाल सुमेर सिंह रावत, जयपाल बिष्ट व श्यामलाल सेंजवाल को जिम्मेदारी दी गई है। पौधारोपण कार्यक्रम में हर सिंह, शेर सिंह, पदम सिंह, वेद प्रकाश, नरेंद्र थापा, दीपक, सौरभ खोलिया, महेश कुमार तथा राजेंद्र सिंह सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सीनियर वालीबाल प्रतियोगिता मामले में वर्चुअल पेश होने के निर्देश दिए

**नैनीताल।** हाईकोर्ट में जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय सीनियर वालीबाल प्रतियोगिता में उत्तराखंड के खिलाड़ियों के प्रतिभाग के मामले में शुक्रवार (आज) भी सुनवाई होगी और खेल सचिव और अतिरिक्त निदेशक को अदालत में वर्चुअल पेश होने के निर्देश दिए हैं। मामले में खिलाड़ी प्रशांत सिंह बिष्ट की ओर से दायर याचिका पर न्यायाधीश आलोक वर्मा की पीठ में सुनवाई हुई। कहा गया कि वालीबाल फेडरेशन आफ इंडिया (वीएफ आई) की तदर्थ कमेटी की ओर से जयपुर में आगामी 7 जनवरी से 13 जनवरी 2025 के बीच राष्ट्रीय स्तर की सीनियर वालीबाल (महिला/पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अधिकांश राज्यों की टीमों को भाग ले रही हैं। उत्तराखंड की टीम को भी भाग लेने के लिए बुलाया गया है। प्रदेश के खेल महकमे की ओर से 11 दिसंबर 2024 को तीन सदस्यीय कमेटी के गठन के साथ ही 16 दिसंबर से देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज में ट्रायल किये जाने का फैसला किया गया जबकि 12 दिसंबर को अतिरिक्त खेल निदेशक ने ट्रायल पर रोक लगा दी।

## क्रांतिकारी शहीद ऊधम सिंह की जयंती पर डीएम ने माल्यार्पण किया

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

महान क्रांतिकारी शहीद ऊधम सिंह की जयंती पर कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान एसएसपी मणिकांत मिश्रा, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, एसडीएम मनीष बिष्ट, ओसी गौरव पाण्डेय, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी सहित कलेक्ट्रेट परिवार ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उधर विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने शहीद ऊधम सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर डीएम भदौरिया ने कहा कि शहीद ऊधम सिंह महान क्रातिकारी थे। महापुरूषों की जीवनी से हमें सीख लेकर हमें अपने जनपद को सर्वागीण विकास की ओर अग्रसर करना होगा। शहीद के नाम पर बने इस जिले का के अग्रणी जिला बनाना होगा।




## ग्राम सम्पतपुर से किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, गुमशुदगी दर्ज

**रुद्रपुर।** कोतवाली क्षेत्र ग्राम सम्पतपुर से विगत दिवस एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दे दी है। लापता किशोरी के पिता ने पुलिस को बताया कि 24 दिसम्बर को सुबह उसकी पुत्री घर से बिना बताये कही चली गई है। लेकिन अब तक वापस घर नहीं लौटी। उसका आस पडोस व अपने सभी रिश्तेदारों में पता किया, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया।

## कार ने चेकिंग कर रहे सिपाही को कुचलने का प्रयास

**हल्द्वानी।** तेज गति से आ रही कार ने चेकिंग कर रहे सिपाही को कुचलने का प्रयास किया। सिपाही ने आरोपी कार्यचालक के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है पंचायत घर के समीप आरक्षी गोविंद मेहरा बीते दिवस वाहन चेकिंग कर रहा था तभी तेज गति से एक कार आ रही थी जिसमें सवार कार चालक फोन पर बात करता आ रहा था इसी के चलते उसे रोक कर गोविंद ने चालान करने की बात कही जिससे वह आग बबूला हो गया और कर चालक ने कर को स्टार्ट कर उसके ऊपर चढ़ने का प्रयास किया गनीमत मत रही कि कांस्टेबल गोविंद बाल बाल बच गया और कार चालक कार को लेकर फरार हो गया।

# फिल्मी दुनिया

## सिकंदर का टीजर स्थगित, पूर्व पीएम के निधन के शोक में मेकर्स का एलान

*आज सलमान खान की फिल्म सिकंदर का टीजर रिलीज होना था, लेकिन अब इसे स्थगित कर दिया गया है। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन के बाद मेकर्स ने यह एलान किया है। अभिनेता सलमान खान की आगामी फिल्म सिकंदर का टीजर आज 27 दिसंबर को रिलीज होना था। आज सलमान खान का जन्मदिन भी है, ऐसे में मेकर्स उनके फैंस को यह तोहफा देने वाले थे। मगर, अब टीजर स्थगित कर दिया है। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन के शोक में मेकर्स ने यह फैसला लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह एलान किया है।*




## सलमान ने काटा रंग बिरंगा केक

*सलमान खान के बर्थडे सेलिब्रेशन की इनसाइड तस्वीरें सामने आई हैं, इसमें वे केक काटते नजर आ रहे हैं। उनके साथ अर्पिता और आयुष की बेटी आयत भी अपना बर्थडे केक काट रही हैं। सलमान खान आज यानी 27 दिसंबर को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। सलमान के बर्थडे की इनसाइड तस्वीरें और उनके जन्मदिन का सेलिब्रेशन देखने को मिल रहा है। सलमान के दोस्त और संगीत निर्देश साजिद ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो साझा किया है। वीडियो में सलमान केक काटते नजर आ रहे हैं। तस्वीरों में सलमान खान की कथित गर्लफ्रेंड यूलिया वंतूर भी नजर आ रही हैं। सलमान के साथ आयुष शर्मा और उनकी बेटी कुछ प्यार भरे पल बिताते नजर आ रहे हैं। सलमान के कई करीबी दोस्त भी उनके जन्मदिन की पार्टी में पहुंचे।*

## मजदूरी करने गया युवक पहुंचा जिला अस्पताल, मृत घोषित

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

घर से मजदूरी करने के लिए निकला युवक जिला अस्पताल में कैसे पहुंचा। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक अस्पताल में कैसे पहुंचा,इसका राज तो अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों से पता चलेगा।

मूलरूप से पूरनपुर पीलीभीत उत्तर प्रदेश निवासी 36 वर्षीय सुरेंद्र यादव उर्फ रामदेव पुत्र मूलचंद अपने भाई के परिवार के साथ रेशमबाड़ी में रहता था। सुरेंद्र अविवाहिता था और मजदूरी करता था। बुधवार सुबह वह रोजाना की तरह ही मजदूरी करने के लिए किच्छा हाइवे तीनपानी स्थित मजदूर अड्डे पर गया हुआ था। लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो उसके भतीजे विशाल समेत अन्य परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। लेकिन वह नहीं मिला।

वह लोग रम्पुरा चौकी पुलिस को तहरीर सौंपी और उसके बरामदगी की मांग की थी। इधर, गुरुवार दोपहर अस्पताल से पुलिस के पास मेमो पहुंचा। जिस पर पुलिस अस्पताल पहुंची और मृतक की पहचान का प्रयास किया। मृतक की पहचान उसके भतीजे विशाल यादव ने अपने चाचा सुरेंद्र यादव उर्फ रामदेव के रूप में की।

मृतक के सिर में मिले चोट के निशान से उसकी हत्या की आशंका भी जताई जा रही है। सीओ सिटी निहारिका तोमर ने बताया कि किच्छा रोड स्थित निजी अस्पताल में उसे कोई भर्ती करा गया था। वहां उसकी हालत ठीक नहीं हुई तो उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर किया था। जिला अस्पताल में उसे डाक्टर ने मृत घोषित किया। मेमो पुलिस के पास आया। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्ट्या गिरने या फिर किसी वाहन की चपेट में आने से मौत की संभावना है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि होगी। उधर परिवार में कोहराम मच गया।

News कॉर्नर

## सात दिवसीय शिविर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के स्वयं संवकों द्वारा आचार्य नरेंद्र देव मानव सम्मान संस्थान में आयोजित सात दिवसीय शिविर के पंचम दिवस यानी गुरुवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। इससे पूर्व दिन की शुरुआत प्रात- ईश वंदना से हुई फिर योग तथा व्यायाम के बाद नाश्ता करने के बाद कार्यक्रम प्रभारी मीनाक्षी बिष्ट के नेतृत्व में स्वयं सेवियों द्वारा सत्यनारायण मंदिर क्षेत्र में श्रमदान किया गया तथा जल संरक्षण पर आधारित एक जन जागरूकता रैली भी निकाली गयी। बौद्धिक सत्र में डॉ बिशना साह द्वारा आत्मज्ञान पर वक्तव्य दिया गया। इसी क्रम में चेली आर्ट्स की संस्थापिका डा.किरन तिवारी ने स्वयंसेवकों को बेकार फूलों से धूप-बत्ती तथा होली के गुलाल आदि उत्पाद बनाने की एक कार्यशाला आयोजित कर स्वरोजगार अपनाने को प्रोत्साहित किया। इस दौरान स्वयंसेवकों के मध्य पोस्टर प्रतियोगिता तथा कहानी लेखन प्रतियोगिता का भी विशेष आयोजन कराया गया तथा नुक्कड़ नाटक की प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

## टैक्सी बाइक चालक ने मारपीट का आरोप

**नैनीताल।** मल्लीताल क्षेत्र के निवासी एक टैक्सी बाइक चालक ने अज्ञात व्यक्ति पर मारपीट का आरोप लगाया है। उसने कोतवाली में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल रॉयल होटल कम्पाउंड निवासी दीपेंद्र जाटव ने कोतवाली में शिकायत करते हुए कहा है कि बुधवार की देर रात वह अपने घर को जा रहा था। इस दौरान गोलघर चौराहे पर उसका एक व्यक्ति से विवाद हो गया। जिसने उसके चेहरे पर वार कर दिया साथ ही मारपीट की। इस दौरान उसके चेहरे व हाथ पर चोट आई है। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार मलिक ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

# चेकिंग के दौरान गिरफ्तार संदिग्ध से पिस्टल और चार कारतूस बरामद

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



**कार्रवाई**

- गिरफ्तार आरोपी यूपी के जनपद रामपुर का निवासी, जेल भेजने की कार्रवाई

जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गदरपुर में एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक पिस्टल 32 बोर व 4 जिन्दा कारतूस 32 बोर के बरामद किया।

पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर संदिग्ध व्यक्तयों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत काशीपुर क्षेत्र में एसपी काशीपुर अभय सिंह के निर्देशन में थाना गदरपुर पुलिस क्षेत्र में शांति व्यवस्था रोकथाम और संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश दौरान ग्राम प्रेमनगर से ग्राम अलखदेवी स्थित दूध डेयरी के पास से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम कुलविन्दर सिंह पुत्र सतनाम सिंह निवासी नवाबगंज थाना बिलासपुर जनपद रामपुर यूपी बताया। पुलिस को तलाशी लेने पर उसके पास एक पिस्टल 32 बोर व 4 जिन्दा कारतूस 32 बोर बरामद हुए। पिस्टल का लाइसेंस के मामले में जानकारी चाही तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही।
पुलिस टीम में 1.थानाध्यक्ष जसवीर चौहान, एसआई पवन जोशी, एसआई नरेन्द्र कुमार, कुन्दन सिंह, गोरखनाथ आदि शामिल रहे।

## नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन



**हल्द्वानी।** 29 दिसंबर रविवार को एक नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन प्रात: 10 बजे से 12.30 तक ऑफ़िसर कालोनी केनाल रोड तिकोनिया में होगा। आयोजक वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक डॉ विनय खुल्लर ने बताया कि इस शिविर में नि:शुल्क शुगर जाँच, नि:शुल्क एच बी ए 1सी , लिपिड प्रोफ़ाइल, नि:शुल्क ब्लड प्रेशर जाँच होगी। शिविर में गठिया , जोड़ो का दर्द, स्पेंडिलाइटिस; शुगर, त्वचा रोग , पेट के रोग , श्वश एव सामान्य रोगियों को परामर्श दिया जाएगा।

# दिन दहाड़े महिला से चाकू की नोंक पर सोने के जेवरात लूटे

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



**दुस्साहस**

- कोचिंग से वापस घर लौट रही थी महिला को तीन युवकों ने रोडवेज के पास पीछा करते करते सब्जी मंडी के पास दिया घटना को अंजाम

कोचिंग की क्लास कर घर वापस लौट रही महिला से रोडवेज के पास तीन युवकों ने चाकू की नोक पर ले जाकर उससे मंगल सूत्र व कानों के टॉप्स लूट लिए और फरार हो गये।

इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू कर दी।

जनपद रामपुर कोतवाली बिलासपुर क्षेत्र सुभाष नगर डिबडिबा निवासी पिंकी रानी पत्नी मनेन्द्र कहा है कि 12 दिसम्बर को वह महिन्द्रा इन्स्टिटूट निकट बालाजी द्वार से कोचिंग की क्लास करके वापस अपने घर जा रही थी। रास्ते में दोपहर करीब 12:40 बजे रोडवेज स्टेशन के पास उसे एक लड़का मिला उसने सरकारी अस्पताल का पता पूछा तो उसे अस्पताल का पता बता दिया था। पीड़िता का कहना है कि इसके बाद रोडवेज स्टेशन के सामने दूसरा लड़का उसके पास आकर बोला कि वह लड़का क्या बात कर रहा था तो उससे कहा कि वह अस्पताल का पता पूछ रहा था। इसके बाद वह लड़का उसके साथ साथ चलने लगा। इतने में पहले वाला लड़का भी आ गया।

पीड़िता का आरोप है कि लड़के उससे बात बात करते सब्जी मण्डी के सामने पार धमकाते हुये ले गये और चाकू दिखाकर उसके गले का सोने का मंगल सूत्र और कान के सोने के टॉप्स उतरवा लिये और चले गये।

उसने घटना की रिपोर्ट बाजार चौकी में दे दी थी, परंतु बाजार चौकी वाले कह रहे है कि घटना का क्षेत्र रम्पुरा चौकी में आता है और वही जाकर रिपोर्ट लिखवाओ। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली। एसएसआई ललित मोहन रावल ने बताया कि पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देख रही है। उन्होंने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले जल्दी पकड़े जाएंगे।

# नेचर वैली इंटरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया वार्षिकोत्सव

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नेचर वैली इंटरनेशनल स्कूल द लर्निंग ट्री फाउंडेशन सरियाताल ज्योलीकोट का वार्षिकोत्सव समारोह गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

समारोह में स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रशासक ब्लॉक प्रमुख भीमताल डा. हरीश सिंह बिष्ट ने विद्यालय परिवार व छात्र छात्राओं को वार्षिकोत्सव की शुभकामना देते हुए बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ गुणवान व संस्कारवान बनाने का सभी अभिभावकों को संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आगे बढने के लिए खुली आंखों से सपना देखकर लक्ष्य को हासिल करने के लिए मेहनत करें, साथ ही नशे से दूर रहने का भी उन्होंने आह्वान किया। इस दौरान डा.बिष्ट ने समारोह में लगे विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया तथा मेघावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मैनेजिन डायरेक्टर हरीश शर्मा समेत सोनिया शर्मा, प्रधान हर गोविंद सिह रावत,रजनी रावत, राम दत्त चन्याल, अमित कुमार,शेखर भट्ट, धीरेंद्र जीना, पीआरडी ब्लॉक कमांडर हीरा सिंह जीना तथा भुवन सिंह जीना सहित अन्य ग्रामीण छात्र छात्राएं- शिक्षक मौजूद रहे।

## सीएम धामी ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

**खटीमा।** खटीमा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह नहीं रहे। 92 साल की उम्र में उनका दिल्ली एम्स में निधन हो गया। खटीमा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन हम सभी के लिए एक दुख भरा समाचार है। भगवान से प्रार्थना है कि उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनके सभी परिवारजनों, चाहने वालों को इस दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करें। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन हम सभी के लिए एक दुख भरा समाचार है।

# बैंक में बंधक भूमि को बेचने के मामले में शिकायत दर्ज

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

बैंक में बंधक भूमि को बेचने का मामला प्रकाश में आया है। डहरिया निवासी दीपक पांडे ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी पत्नी की आनंदपुर गांव स्थित एक जमीन के लिए एक व्यक्ति के साथ सौदा हुआ था। यह जमीन बैंक में बंधक थी, जिसके बावजूद श्याम सिंह बनेसी नामक विक्रेता ने उन्हें धोखा देकर सौदा किया।

दीपक पांडे के अनुसार, सौदे के दौरान 1545 रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से कुल 31 लाख 73 हजार रुपये तय हुए थे। बयाना के तौर पर 9.5 लाख रुपये बैंक ट्रांसफर किए गए थे, जबकि 50 हजार रुपये नकद दिए गए। सौदे के वक्त विक्रेता ने रजिस्ट्री के लिए चार महीने की समयसीमा दी थी, जो 2 फरवरी को समाप्त हो गई, लेकिन जब दीपक ने रजिस्ट्री कराने की कोशिश की, तो विक्रेता ने कोई कार्रवाई नहीं की और मामले में टालमटोल करने लगा। शक होने पर दीपक ने सौदा कराने वाले व्यक्ति के परिजनों से जानकारी ली, तब पता चला कि उक्त जमीन एसबीआई बैंक, हाट बासुलीसेरा, तहसील द्वाराहाट अल्मोड़ा में बंधक रखी हुई थी, और इस बात की पुष्टि बैंक के रिकवरी एजेंट ने भी की। अब दीपक पांडे ने पुलिस से धोखाधड़ी की रकम वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस ने इस मामले में श्याम सिंह बनेसी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि जांच प्रक्रिया जारी है और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## क्वारब में फिर धंस गई सड़क

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर क्वारब में सड़क सोमवार की रात एक बार फिर धंस गई। रात में पिथौरागढ़ की तरफ से आया ओवरलोडेड ट्रक भूस्खलन के मलबे में फंस गया। इससे सड़क और पहाड़ी की सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। अब यहां बड़े वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल ने बताया कि केवल छोटे वाहनों को ही यहां से गुजारा जा रहा है।

# अनुराग के नाम लक्ष्मी लाल साह स्मृति स्नूकर चैंपियनशिप ट्राफी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

लक्ष्मी लाल साह स्मृति स्नूकर चैंपियनशिप ट्राफी- 2024 अनुराग बिष्ट ने अपने नाम की। मुख्य अतिथि वाईटीडीओ के संचालक राजा साह ने विजेताओं को ट्राफी प्रदान की। प्रतियोगिता में तीन दर्जन खिलाड़ी शामिल हुए थे।

बता दें कि नव ज्योति क्लब में प्रतियोगिता बीते एक दिसंबर से शुरू हो गई थी। फ इनल मुकाबला अनुराग बिष्ट व वीरेंद्र साह के बीच कांटे का रहा और अंतिम बाजी अनुराग ने मारी।

बता दें कि प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बढ़ चढकर भाग लिया। न्यू क्लब अध्यक्ष डा. महेंद्र सिंह पाल ने बताया कि यह प्रतियोगिता वर्ष 1995 से आयोजित की जा रही है जिसमें व्यक्तिगत स्तर पर दर्जनों खिलाड़ी प्रतिभाग करते आ रहे हैं। क्लब के सदस्य कई अन्य शहरों से प्रतियोगिता में भाग लेने आते हैं। फाइनल मुकाबले के पुरस्कार वितरण समारोह में विजय मोहन सिंह खाती समेत सुरेश साह, ललित साह तथा राजीव लोचन साह समेत अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## उत्तराखंड में आज पहाड़ से मैदान तक बारिश के आसार



**देहरादून।** मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार, हल्की बारिश से तापमान में गिरावट आने के साथ ठंड बढ़ेगी। उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों के साथ मैदानी इलाकों में शुक्रवार को हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार, हल्की बारिश से तापमान में गिरावट आने के साथ ठंड बढ़ेगी। बृहस्पतिवार को दून का अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री इजाफे के साथ 24.6 डिग्री दर्ज किया गया। यह बीते 10 वर्षों में सबसे कम रहा, जबकि रात का न्यूनतम तापमान एक डिग्री बढ़ोतरी के साथ 7.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

# अंबेडकर मामले को लेकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



मूलनिवासी संघ के जिलाध्यक्ष आर पी गंगोला के नेतृत्व में नगर मजिस्ट्रेट महोदय के द्वारा राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में मांग की गई है कि 17 दिसंबर 2024 को भारत के गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा राज्यसभा में बाबा साहब डॉ अंबेडकर के बारे में अधोलिखित अभद्र और अपमानजनक टिप्पणी अभी एक फैशन हो गया है। अंबेडकर अंबेडकर अंबेडकर अंबेडकर अंबेडकर अंबेडकर अंबेडकर इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्म तक स्वर्ग मिल जाता कहा है जिससे मूल निवासी समाज काफी आहत है महोदय समाज को ब्राह्मणों ने शूद्र, अतिशूद्र, आदिवासी जंगली, अछूत इत्यादि बनाकर समाज के मुख्यधारा से वंचित रखा था उस समाज को भारत के संविधान के माध्यम से बाबा साहब ने समाज के मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया है इसलिए बाबा साहेब डॉक्टर अंबेडकर करोड़ों वंचित और शोषित मूल निवासी भारतीयों के लिए मानवाधिकारों और सम्मान के पर्याय हैं अत: भारतीय गृहमंत्री ने बाबा साहेब डॉक्टर अंबेडकर के बारे में आरएसएस और भाजपा की वास्तविक राय को खुलकर सामने लाकर सच बोल दिया है यह भाजपा की सबसे जातिवादी बहुजन और संविधान विरोधी मानसिकता को प्रदर्शित करती है उनका यह घिनौना बयान बाबा साहब अंबेडकर के अपमान के साथ-साथ दुनिया भर में उनके आदर्शों का पालन करने वाले करोड़ों लोगों का अपमान है यह सच्चाई है कि बाबा साहेब डॉक्टर अंबेडकर द्वारा रचित भारत का संविधान के कारण ही देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री देश का प्रशासन चला रहे हैं इसके बावजूद भी भारत के गृहमंत्री श्री अमित शाह के द्वारा बाबा साहब का घोर अपमान किया गया है जो उनकी घोर जातिवादी मानसिकता को दर्शाता है और भारत के प्रधानमंत्री ने भी अन्य मुद्दों की तरह मौन व्रत धारण किया हुआ है जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह लोग और भाजपा भारत के संविधान के मूल भावना समता, स्वतंत्रता, बंधुता के विरुद्ध है ऐसे व्यक्ति को संवैधानिक पद धारण नहीं करना चाहिए जो देश के लिए खतरनाक है महामहिम राष्ट्रपति महोदय से अनुरोध और प्रार्थना करते हैं कि गृह मंत्री श्री अमित शाह को तुरंत उसके पद से हटा कर भारत के संविधान में आस्था रखने वाली 95त्न जनता का विश्वास स्थापित करें। ज्ञापन देने वालों में जी आर टम्टा, आर पी गंगोला, गंगाप्रसाद, बालकिशन, दीपक चनियाल, प्रकाश टम्टा, नवल किशोर, भुवन चंद्र उपस्थित थे।